सार-समाचार

कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

चूरू । झारिया मोरी स्थित मंत्रियों की छतरी में श्रावण मास पर शिव भक्त साधक चूरू की ओर से 30 जुलाई से 5 अगस्त तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जायेगा। कथा को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे के साथ मंगल गीत गाती हुई कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा को कथा वाचक संतोष सागर महाराज ने पूजा-अर्चना कर रवाना किया। विधायक हरलाल सहारण ने कथा वाचक संतोष सागर महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इससे पूर्व मुख्य यजमान राजकुमार गोटेवाला व ब्रह्मानंद राजोतिया ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की। कलश यात्रा गढ़ स्थित गोपाल जी के मंदिर से रवाना होकर सफेद घंटाघर, सब्जी मंडी, भाईजी चौक, झारिया मोरी होते हुए मुख्य मार्गों से कथा स्थल मंत्रियों की छतरी पहुंची। इस दौरान कथा वाचक संतोष सागर महाराज रथ पर सवार थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के बाद मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक किया गया। कथा के शुभारंभ पर कथा वाचक संतोष सागर महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना, रुद्राभिषेक और शिव महापुराण का श्रवण जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक श्रीराम सैनी, सुरेश सरावगी, हनुमान प्रसाद माटोलिया, आचार्य जनार्दन, संजय सिंघानिया, गोपीचंद शर्मा, कैलाश नवहाल, नारायण बजाज, गिरजानंद सैनी, मेघराज बजाज, विद्याधर शर्मा, सोहनलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, नेमीचंद सैनी, सुनील, सुरेश शर्मा, राकेश दाधीच, पदम सिंह राठौड, श्री राम पीपलवा, विमल जोशी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

किशनलाल गहनोलिया का अभिनंदन

चूरू । स्थानीय मेरीगोल्ड स्कूल में बुधवार देर शाम बीदासर सीबीईओ किशनलाल गहनोलिया का मित्र परिषद् चूरू की ओर से नागरिक अभिनंदन किया गया। राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मित्र परिषद द्वारा उनका माल्यार्पण कर, शॉल-श्रीफल व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सीडीईओ संतोष महर्षि, मित्र परिषद अध्यक्ष संदीप पाटिल, नगर श्री सचिव श्यामसुंदर शर्मा, रामकुमार खीचड़, सांवरमल गहनोलिया व रियाजत खान मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रेमसिंह इंदा, भंवरलाल गुर्जर, खालिद अली तुगलक, बजरंगलाल सैनी तथा मुकुल भाटी ने गहनोलिया को एक कर्तव्य निष्ठ अधिकारी बताते हुए कहा कि आमजन के साथ इनका गहरा जुड़ाव है। सीडीईओ संतोष महर्षि ने कहा कि राजकीय सेवा में कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने वाले अधिकारी को हमेशा याद किया जाता है, शिक्षाविद् श्याम सुंदर शर्मा ने उन्हें एक सहृदय व्यक्ति बताया। कार्यक्रम में मित्र परिषद के संरक्षक विजेंद्र दाधीच ने कहा कि परिषद इस प्रकार के कर्तव्य निष्ठ अधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का समय-समय पर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अभिनंदन करता रहता है। इस अवसर पर मित्र परिषद् के विनीत चोटिया, मुकेश ओझा, जाकिर हुसैन, महेंद्र सेवलिया, सुनील जांगिड़, रामकरण गोदारा, रविंद्र शेखावत, मोहनलाल अर्जुन, सुरेश शर्मा, मनोज गहनोलिया, वंदना सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

नाबालिग पर जानलेवा हमला आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

नोहर । यहां उपखंड क्षेत्र के गांव खुईंयां निवासी एक परिवार ने नाबालिग के साथ कथित रूप से हुई मारपीट और गंभीर चोटें पहुंचाने के मामले में पुलिस प्रशासन से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़, उपखंड अधिकारी नोहर एवं थाना अधिकारी खुईंयां को परिवाद सौंपते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने नाबालिग के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिवाद के अनुसार घटना 29 जुलाई मंगलवार की शाम करीब 5 बजे की बताई गई है। शिकायत में आरोप है कि विवाद के दौरान नाबालिग के सिर, गर्दन तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें पहुंचाई गईं। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। परिवाद के साथ चोटों के फोटो एवं मेडिकल संबंधी दस्तावेज भी प्रशासन को सौंपे गए हैं। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जाए। साथ ही आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। परिवार का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

जनसुनवाई में त्वरित निस्तारण के निर्देश

हनुमानगढ़ (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व में प्राप्त 19 प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा जनसुनवाई में परिवादो को सुनकर उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बगड़िया बने अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री

चूरू । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (उत्तर-पश्चिमी राजस्थान) की युवा इकाई की ओर से चूरू के समाजसेवी राजेश बगड़िया को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी इस नियुक्ति से अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ है। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें बधाईयां दी। गौरतलब है राजेश बगड़िया का सामाजिक कार्यों से गहरा जुड़ाव, संगठनात्मक अनुभव और सेवा भावी व्यक्तित्व होने के कारण उनकों यह दायित्व सौंपा गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया बगड़िया की नियुक्ति से समाज को नई दिशा मिलेगी।

मानव तस्करी के खिलाफ झुंझुनूं का संकल्प, जागरूकता पोस्टर जारी

- विश्व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दिवस पर रेलवे स्टेशन पर चला हस्ताक्षर अभियान, बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए जनभागीदारी का दिया संदेश
- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत ने कहाँ कि मानव तस्करी मानवता के विरुद्ध सबसे जघन्य अपराधों में से एक है

झुंझुनूं । विश्व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दिवस के अवसर पर गुरूवार को झुंझुनूं में मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन, राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास-अजमेर एवं राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत ने मानव तस्करी रोकथाम संबंधी जागरूकता पोस्टर का विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि मानव तस्करी मानवता के विरुद्ध सबसे जघन्य अपराधों में से एक है, जिसका शिकार सबसे अधिक बच्चे और महिलाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि इस अपराध पर प्रभावी अंकुश तभी संभव है, जब पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संस्थाएं और आमजन मिलकर जिम्मेदारी निभाएं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति अथवा मानव तस्करी से जुड़े मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पोस्टर विमोचन के बाद झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों एवं आमजन को मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, इसके दुष्परिणामों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर मानव तस्करी के विरुद्ध समाज को जागरूक बनाने और इस अपराध के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से एएसआई सुरेश, कांस्टेबल अनिल, रेलवे स्टेशन अधीक्षक नरेन्द्र गहलोत, आरपीएफ इकाई प्रभारी राजीव राव, तथा राजस्थान महिला कल्याण मंडल की ओर से जिला समन्वयक चेतना शर्मा, टीना चौरसिया, अदिति मीणा एवं विनोद सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी ने संयुक्त रूप से मानव तस्करी के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा समाज की सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज को मानव तस्करी के प्रति संवेदनशील बनाना, नागरिकों को सतर्क करना, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना तथा मानव तस्करी मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जागरूक नागरिक और सतर्क समाज ही मानव तस्करी जैसी गंभीर चुनौती के विरुद्ध सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच साबित हो सकते हैं।

शतायु विद्वान गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा का शताब्दी जन्मोत्सव कल

- महर्षि दयानंद महिला शिक्षण संस्था समिति के सभागार में होगा आयोजन, शतायु विद्वान के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करेंगे

झुंझुनूं । शिक्षा और गणित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा के 100वें जन्मदिवस (शताब्दी समारोह) का भव्य आयोजन एक अगस्त 2026, शनिवार को शाम 5 बजे महर्षि दयानंद महिला शिक्षण संस्था समिति, झुंझुनूं के महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा और बौद्धिक जगत से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहकर शतायु विद्वान के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करेंगे।

आयोजकों के अनुसार समारोह में डॉ. घासीराम वर्मा के शिक्षा, गणित और समाज के प्रति दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओं द्वारा विचार रखे जाएंगे तथा उनके दीर्घ एवं प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। समारोह के उपरांत संस्था के छात्रावास में सभी आमंत्रित अतिथियों के लिए स्नेहभोज की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सभी अतिथियों से समय पर पहुंचने का आठाह करते हुए अनुरोध किया है कि वे किसी प्रकार का उपहार साथ लेकर न आएं। सम्मान केवल पुष्पमाला एवं गुलदस्ते से किया जाएगा, जिसकी व्यवस्था संस्था द्वारा ही की जाएगी।

संस्थान के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगण ने शिक्षा जगत, पूर्व विद्यार्थियों, समाज के प्रबुद्ध नागरिकों तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से इस ऐतिहासिक शताब्दी समारोह में सहभागिता निभाकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

सर्वेक्षण शुरू

हनुमानगढ़, (निसं)। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) के 81वें दौर के तहत हनुमानगढ़ जिले में प्रवासन सर्वेक्षण (माईठोसन सर्वे) शुरू हो गया है। यह सर्वेक्षण जुलाई, 2026 से जून, 2027 तक चार चरणों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पार्षदों एवं प्रबुद्धजनों से सर्वेक्षण में सहयोग करने तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी और उनका उपयोग केवल नीति निर्माण एवं विकास योजनाओं के लिए किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ. ममता विश्नोई ने बताया कि सर्वेक्षण का कार्य जिला सांख्यिकी कार्यालय के प्रशिक्षित प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। सर्वे के दौरान परिवार की संरचना, मकान का प्रकार, मासिक व्यय, पिछले 365 दिनों में प्रवासन के कारण, परिवार से बाहर रहने वाले सदस्यों द्वारा भेजी जाने वाली राशि, अस्थायी प्रवासन तथा रोजगार, व्यवसाय और शिक्षा से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी।

आशा सहयोगिनियों ने विधायक धर्मपाल गुर्जर को सौंपा ज्ञापन

- दस सूत्री मांगों के समाधान की उठाई आवाज, चेतावनी-मांगें नहीं मानी गई तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

खेतड़ी। क्षेत्र की आशा सहयोगिनियों ने अपनी लंबित मांगों और कार्य संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर गुरूवार को खेतड़ीनगर स्थित विधायक जनसुनवाई केंद्र पर विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम दस सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आशा सहयोगिनियों ने मानदेय में वृद्धि, नियमितीकरण तथा कार्य व्यवस्था में सुधार सहित विभिन्न मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2026-27 के बजट में अन्य वर्गों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है, लेकिन आशा सहयोगिनियों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई, जिससे उनमें गहरा असंतोष है। उन्होंने सरकार से आशा सहयोगिनियों का स्वैच्छिक कर्मी का दर्जा समाप्त कर राज्य कर्मचारी का दर्जा देने तथा नियमितीकरण करने की मांग उठाई।

आशा सहयोगिनियों ने सेवा निवृत्ति के बाद 10 लाख रूपये की एकमुश्त सहायता राशि और 10 हजार रूपये मासिक पेंशन देने के साथ ही न्यूनतम मानदेय 24 हजार रूपये प्रतिमाह निर्धारित करने तथा समय-समय पर मानदेय में बढ़ोतरी सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में कार्य प्रणाली को लेकर भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक ऑनलाइन कार्य का दबाव समाप्त कर अधिकतर कार्य ऑफलाइन करवाया जाए। यदि ऑनलाइन कार्य कराया जाता है तो प्रत्येक आशा सहयोगिनी को स्मार्टफोन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही क्लेम केवल आशा के नाम से लिया जाए तथा कार्य केवल आशा आईडी से ही कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर एएनएम और सीएचओ की आईडी से कार्य करवाया जाता है, जिससे अनावश्यक परेशानियां होती हैं।

उन्होंने मांग की कि आशा सहयोगिनियों का कार्य स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जाए तथा उनके निर्धारित कार्यों के अलावा अन्य विभागीय कार्य नहीं करवाए जाएं। यदि अतिरिक्त कार्य लिया जाता है तो उसका पृथक भुगतान किया जाए।

साथ ही प्रशिक्षित आशाओं से ही संबंधित कार्य लिए जाएं तथा एएनएम, सीएचओ एवं अन्य अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाए। आशा सहयोगिनियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को विवश होंगी। उन्होंने सरकार से आशा सहयोगिनियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर रेखा शर्मा, प्रेमलता, सुबिता, लाली, कैलाश, पूनम, सुनीता, सरोज, सुलोचना, सुमन सहित बड़ी संख्या में आशा सहयोगिनियां उपस्थित रहीं।

विकास अधिकारी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप

चूरू । पंचायत समिति चूरू की ग्राम पंचायत श्योपुरा के प्रशासक श्रवण कुमार ने विकास अधिकारी कुलवंत भाकर पर मानसिक एवं प्रशासनिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर के नाम सीईओ श्वेता कोचर को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर को दिए गए पत्र में प्रशासक ने आरोप लगाया कि विकास अधिकारी द्वारा बिना कारण निर्माण कार्यों की स्वीकृति एवं भुगतान से जुड़ी फाइलों को रोका जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त जारी करने के बदले रूपयों की मांग की जा रही है। साथ ही अनुचित दबाव बनाकर कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिससे पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि लगातार हो रही मानसिक प्रताड़ना और असहयोगपूर्ण व्यवहार के कारण वे स्वतंत्र एवं सुचारू रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उन्होंने प्रशासनिक पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया ।

बजरी से भरी ट्रैक्टर-टॉली जब्त

पचेरी कलां। जिले में अवैध खनन और बजरी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए पचेरी कलां थाना पुलिस ने गुरूवार को बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-टॉली जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा बुहाना वृत्ताधिकारी नोपाराम भाकर के सुपरविजन में थानाधिकारी लक्ष्मीनारायण के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गश्त के दौरान श्योपुरा गांव के मोड़ पर पहुंची। इस दौरान एक लाल रंग का ट्रैक्टर बजरी से भरी ट्रॉली के साथ आता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रूकवाकर जांच की तो चालक ने अपनी पहचान राजकरण पुत्र नित्यान्द्र निवासी श्योपुरा, थाना पचेरी कलां के रूप में बताई। पूछताछ में चालक ने स्वीकार किया कि वह बापड़ोली नदी से अवैध रूप से बजरी का खनन कर परिवहन कर रहा था। जब उससे बजरी के रवन्ना, अनुज्ञापत्र अथवा बिल्टी मांगी गई तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-टॉली सहित बजरी को जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अठिाम अनुसंधान किया जा रहा है। कार्रवाई में पुलिस टीम में थानाधिकारी लक्ष्मीनारायण, पुलिस थाना पचेरी कलां,सहायक उपनिरीक्षक रामचंद्र , हेड कांस्टेबल पूर्णमल , हेड कांस्टेबल आशाराम ,कांस्टेबल सुनील शामिल रहें।

दीपेश मोदी को मिली एमबीबीएस की डिग्री, परिवार में खुशी की लहर

- गरिमामय समारोह की मुख्य अतिथि भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रहीं

चिड़ावा । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस गरिमामय समारोह की मुख्य अतिथि भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स जोधपुर के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) तेजस मधुसुदन पटेल ने की। वहीं कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) गोवर्धन दत्त पूरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान वर्ष 2020 बैच के मेधावी छात्र दीपेश मोदी को विधिवत एमबीबीएस की डिठी प्रदान की गई। दीपेश की इस उपलब्धि पर उनके दादा-दादी पुरुषोत्तमलाल मोदी व रेशमी मोदी, माता-पिता विजय मोदी व ललिता मोदी तथा चाचा-चाची महेंद्र मोदी व बबिता मोदी सहित समस्त परिजनों एवं रिश्तेदारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इसके अलावा पूर्वी राजस्थान अठावाल सम्मेलन के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अठावाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, वरिष्ठ व्यवसायी रमेश गाडिया, अठावाल जन कल्याण समिति के संस्थापक महामंत्री (पूर्व) प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, श्रीकांत हलवाई, महेश सर्राफ, अठावाल जन कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार बाछुका, राकेश बाछुका, अनिल रामभरोसा, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णु चौधरी, शिक्षाविद् अनिल गुप्ता, लक्ष्मीकांत अड़ूकिया, राकेश वेद, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, कन्हैया लाठ, प्रकाश मोदी, राजेश वेद, मुरारी किठानिया, महेश मोदी, गणेश अठावाल, किशन गोयल, दिनेश झुंझुनूंवाला, रजनीकांत ककरानिया पिंटू, अमित सुशील गोयल, विजेंद्र गोयल दिलखुश, सौरभ-राहुल सुलतानिया, पूर्व सहवृत्त सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, सीए महेश मोदी, प्रशांत पिचानवेवाला, आशीष अठावाल गाडाखेड़ा, पुनित मोदी, वैभव बगड़िया, नितिन केडिया आदि ने बधाई दी है। दीपेश, युवा अठावाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी के भतीजे है।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के निर्देश

सीकर । अतिरिक्त जिला कलेक्टर राकेश कुमार मीणा सीकर एवं उपखंड अधिकारी, लक्ष्मणगढ़ मोहर सिंह मीणा ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय, लक्ष्मणगढ़ का निरीक्षण कर अस्पताल में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आपातकालीन सेवाएं, प्रसूति कक्ष, एमसीएच विंग, प्रयोगशाला, एक्स-रे, सोनोग्राफी, दवा वितरण केन्द्र, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, डायलिसिस यूनिट, एनसीडी क्लिनिक, टीबी एवं निक्षय सेवाएं, टीकाकरण व्यवस्था, ब्लड स्टोरेज यूनिट तथा हब एंड स्पोक मॉडल के अंतर्गत संचालित कृष्णा लैब सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं रेफरल सेवाओं की समीक्षा की।अधिकारियों ने वार्डों में भर्ती मरीजों एवं प्रसूताओं से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, पोषण आहार, स्वच्छता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) की समय पर पहचान कर समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने, आवश्यक जांचें समय पर कराने, जोखिमयुक्त गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा संस्थान में समय पर रेफर करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षित मातृत्व एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसूति सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन तथा मरीजों की सुविधा के लिए स्थापित हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की।बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए एंटी-लार्वा गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग, फॉगिंग, जल स्त्रोतों की जांच, चिकित्सालय परिसर एवं छतों पर जलभराव रोकने तथा आमजन में जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक जीवनरक्षक एवं अन्य दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय स्तर पर नियमानुसार खरीद प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को चिकित्सालय में संचालित प्रसव सखी पहल, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं, एनसीडी स्क्रीनिंग, गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, रोगी हित में किए जा रहे नवाचारों तथा अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं की जानकारी दी गई।

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 25/2026

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री चन्द्रशेखर शर्मा पुत्र श्री पवन कुमार शर्मा निवासी मण्डी गेट वार्ड नं. 6 नवलगढ़ जिला झुंझुंनू राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23. के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री छोटा गोपीनाथ जी मंदिर ट्रस्ट नवलगढ़ जिला झुंझुंनू न्यास में प्रन्यासी श्री बनवारी लाल का निधन हो जाने से उसका नाम दर्ज अभिलेखों से हटाने व उनके स्थान पर न्यास की बैठक दिनांक 01.08.2025 में लिये गये प्रस्ताव अनुसार श्री चन्द्रशेखर शर्मा को नवीन न्यासी मनोनित कर उनका नाम दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 01.09.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

सड़क चौडाईकरण की कार्रवाई शुरू

सीकर । शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने तथा मास्टर प्लान के अनुरूप सड़क नेटवर्क को विकसित करने की दिशा में नगर परिषद सीकर ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को बसंत विहार से आगे विनायक हॉस्पिटल के पास से पूर्व दिशा की ओर 30 फीट सड़क चौड़ाईकरण के लिए मौके पर निशानदेही की गई। नगर परिषद के अनुसार यह सड़क केला गोदाम से होते हुए गहलोत मोटर्स तक मास्टर प्लान एवं जोनल प्लान के अनुरूप चौड़ी की जाएगी, जिससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और भविष्य में होने वाले शहरी विकास को गति मिलेगी। इस कार्य के लिए गठित टीम ने बसंत विहार से पूरब दिशा में कैला गोदाम से होते हुए गहलोत मोटर्स तकहोते हुए आम रास्ते में आ रहे अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण की निशानदेही की। कार्रवाई के दौरान सहायक नगर नियोजक नरेन्द्र कुमार नट, कनिष्ठ अभियंता निधि चौधरी, संबंधित जोन निरीक्षक, नगर परिषद का प्रवर्तन दस्ता तथा सुबेदार राकेश अपनी टीम सहित उपस्थित रहे।

नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. अरूण गर्ग

- नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान में युवाओं ने प्रतिभा के साथ दिया नशा मुक्ति का सशक्त संदेश, विजेता करेंगे राज्य स्तर पर झुंझुनूं का प्रतिनिधित्व

झुंझुनूं । युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखकर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनाने के उद्देश्य से माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा नौरंग राम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज, झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को ''नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिलेभर के युवाओं ने लोक संस्कृति, कला और रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से नशा मुक्ति का प्रभावशाली